भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 3360

24 मार्च 2021 ,को उत्तर के लिए

भिलाई इस्पात संयंत्र की हाउस लीज योजना

3360. सुश्री सरोज पाण्डेय:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में 'हाउस लीज योजना' लागू की गई थी तथा यह योजना छह चरणों में पूरी होनी थी और वर्ष 2008 तक इसके पांच चरण पूर्ण हो चुके हैं;

(ख) क्या छठा चरण अभी तक पूरा नहीं हो पाया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

:(ग) से (क) कर्मचारियों के लिए घरों को पट्टे पर देने की सेल की नीति वर्ष 2001में शुरू की गई थी और इसे स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के संयंत्रों तथा लोहा और इस्पात अनुसंधान एवं विकास केन्द्र (आरडीसीआईएस) में विभिन्न चरणों में लागू किया गया था। भिलाई इस्पात संयंत्र में इस योजना को जून 2001 ,से मार्च 2003 ,तक पाँच चरणों में लागू किया गया था। इस योजना में किसी संयंत्रइकाई के संबंध में कार्यान्वयन के चरणों की किसी / विशिष्ट संख्या की परिकल्पना नहीं की गई थी।

******